# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Half Yearly Examination - (2023 – 2024)**

**Class: VII** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3Hrs.**

**Name : -----------------------------** **Roll N0: ------------------------**

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र में **दो खंड हैं- खंड 'क' और 'ख'**। **खंड 'क'** में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और **खंड 'ख'** में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 16 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड 'क' वस्तुपरक प्रश्न(40 अंक)

**1.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

सत्य के अनेक रूप होते हैं, इस सिद्धांत को मैं बहुत पसंद करता हूँ। इसी सिद्धांत ने मुझे एक मुसलमान को उसके अपने दृष्टिकोण से और ईसाई को उसके दृष्टिकोण से समझना सिखाया है। जिन अंधों ने हाथी का अलग-अलग तरह से वर्णन किया, वे सब अपनी दृष्टि से ठीक थे, किंतु एक-दूसरे की दृष्टि से सब गलत थे, जो आदमी हाथी को जानता था, उसकी दृश्य से वे सही भी थे और गलत भी थे।

जब तक अलग-अलग धर्म मौजूद हैं, तब तक प्रत्येक धर्म को किसी विशेष बाह्य चिह्न की आवश्यकता हो सकती है। लेकिन जब बाह्य चिह्न केवल आडंबर बन जाते हैं अथवा अपने धर्म को दूसरे धर्मों से अलग और बेहत्तर लगते हैं, तब वे त्याज्य(छोड़ देने के लायक) हो जाते हैं। सही अर्थों में धर्मों का उद्धेश्य यह होना चाहिए कि वह एक हिंदू को अधिक अच्छा हिंदू, एक मुसलमान को अधिक अच्छा मुसलमान और एक ईसाई को अधिक अच्छा ईसाई बनने में मदद करे। दूसरों के लिए हमारी प्रार्थना यह नहीं होनी चाहिए-"ईश्वर, तू उन्हें वही प्रकाश दे, जो तूने मुझे दिया है," बल्कि यह होनी चाहिए- "तू उन्हें वह सारा प्रकाश दे, जिसकी उन्हें अपने सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यकता है।"

ईश्वर एक ऐसी रहस्यमयी शक्ति है, जो सर्वत्र व्याप्त है। मैं उसे अनुभव करता हूँ, यद्यपि देखता नहीं हूँ। यह अदृश्य शक्ति अपना अनुभव तो कराती है, परंतु उसका कोई प्रमाण नहीं दिया जा सकता, क्योंकि जिन

वस्तुओं का मुझे अपनी इंद्रियों द्वारा ज्ञान होता है, उन सबसे वह बहुत भिन्न है। वह इंद्रियों की पहुँच के बाहर है।

**(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A)**- हाथी का भिन्न-भिन्न तरह से वर्णन करने वाले एक-दूसरे की दृष्टि से गलत थे।

**कारण (R)**- वे सभी अपनी बात पर अटल रहने वाले थे।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(ii) विशेष बाह्य चिह्न की आवश्यकता हो सकती है-**

(अ) विशेष धर्म को (ब) हर धर्म को

(स) किसी समाज को (द) हर व्यक्ति को

**(iii) अपने धर्म को दूसरे धर्मों से अलग और बेहत्तर बताने वाले आडंबरपूर्ण बाह्य चिह्न-----------------।**

(अ) अमर हो जाते हैं। (ब) विख्यात हो जाते हैं।

(स) त्याज्य हो जाते हैं (द) विवशता बन जाते हैं।

**(iv) अदृश्य, रहस्यमयी शक्ति कहाँ व्याप्त है?**

(अ) यत्र (ब) तत्र

(स) अन्यत्र (द) सर्वत्र

**(v) "तू उन्हें वह सारा प्रकाश दे, जिसकी उन्हें अपने सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यकता है।" में निहित विशेषताएँ हैं- कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**कथन**

(क) उदारवादी दृश्टिकोण, मानव-प्रेम, निस्वार्थी

(ख) स्वार्थी, मनुष्यता, संकीर्ण होना

(ग) उदार होना, दृढ़ निश्चयी, आत्मकेंद्रित

(घ) कृपण होना, निस्वार्थी, परोपकारी होना

विकल्प

(अ) कथन 'क' सही है

(ब) कथन 'क' और 'ख' सही हैं

(स) कथन 'ख' और 'ग' सही हैं

(द) कथन 'ग' और 'घ' सही हैं

**2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

चिड़िया को लाख समझाओ
कि पिंजड़े के बाहर
धरती बड़ी है, निर्मम है,
वहाँ हवा में उसे
बाहर जाने का टोटा है
यहाँ चुग्गा मोटा है
बाहर बहेलिये का डर है
यहाँ निर्भय कंठ स्वर है
फिर भी चिड़िया मुक्ति का गाना गाएगी
अपने जिस्म की गंध तक नहीं मिलेगी।
यूँ तो बाहर समुद्र है, नदी है, झरना है,
पर पानी के लिए भटकना है,
यहाँ कटोरी में भरा जल गटकना है
मारे जाने की आशंका से भरे होने पर भी
पिंजड़े से जितना अंग निकल सकेगा निकालेगी,
हरसूँ ज़ोर लगाएगी
और पिंजरा टूट जाने या खुल जाने पर उड़ जाएगी।

**(i) पिंजड़े के भीतर चिड़िया को अनेक सुविधाएँ उपलब्ध हैं- दिए गए कथन को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**

**कथन**

(क) खाने की स्वतंत्रता, स्नेह और मान

(ख) नीर, कनक, आवास और सुरक्षा

(ग) भोजन, हवा, प्रेम और पुरस्कार

(घ) निडरता, नीरसता, नियम और निश्चिंतता

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) सही है | (ब) कथन (ख) सही है

(स) कथन (क) और (ग) सही है | (द) कथन (ख) और (घ) सही है

**(ii) बाहर सुखों का अभाव और प्राणों का संकट होने पर भी चिड़िया मुक्ति ही चाहती है क्योंकि-**

(अ) वह अपने घोंसले में ही रहना चाहती है। | (ब) वह जीवन से मुक्त होना चाहती है

(स) वह स्वतंत्र रहकर जीवन जीना पसंद करती है। | (द) वह लंबी और ऊँची उड़ान भरना चाहती है।

**(iii) चिड़िया के सामने धरती को निर्भय बताने के पीछे कवि का विचार है-**

(अ) चिड़िया को पिंजरे में रहना चाहिए | (ब) छोटे जीवों को अपना ध्यान रखना चाहिए

(स) बहेलिए से बचाव करना | (द) भयावह स्थिति उत्पन्न करना

**(iv) इस काव्यांश के भावार्थ हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**
**कथन**

(क) पिंजरे में पक्षियों को कैद रखने वालों को सही राह दिखाना

(ख) लोगों को कैदी पक्षियों की उड़ान और दु:ख-दर्द से परिचित कराना

(ग) पिंजरे के पक्षी के माध्यम से स्वतंत्रता के महत्त्व को दर्शाना

(घ) पिंजरे के अंदर और बाहर की दुनिया दिखाना

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (ग) सही है | (ब) कथन (क) और (ग) सही हैं

(स) कथन (ख) और (ग) सही हैं | (द) कथन (ग) और (घ) सही हैं

**(v) कवि के संबंध में सही है कि-**

(अ) प्रकृति प्रेमी हैं | (ब) चिड़िया से प्रेम करते हैं

(स) स्वतंत्रता के समर्थक हैं | (द) अन्न-जल की उपयोगिता जानते हैं।

**अथवा**

बारिश हो रही थी थम-थम के, जम के चल रही थी पुरवाई।
लिया कृष्ण ने जन्म, देवकी पति से बतलाई।

कहीं पहरेदार जाग न जाएँ, बच्चे को गोकुल दो पहुँचाई।
वासुदेव हुए जल्द तैयार, ना पल की देर लगाई।
चले टोकरी में लड़का रखके, पग धीरे-धीरे धर के।
भादो मास की रात अंधेरी, राह में कुछ न चमके।
गलियारे सूने चुपचाप, मन में उठे हिलोरे डर-डर के।
मन ही मन बातें करते, गोकुल की सुरत लगाई।
जमुना बीच उतर के, धोती ऊपर को सुगनाई।
जमुना भर रही खूब उफान, पार कुछ देता नहीं दिखाई।
लटका दिया कृष्ण ने पैर, जमुना नीचे उतर आई।
शेष नाग लगाए रहे छतरी, कृष्ण रहे मुस्काई।
भादो मास का कृष्णपक्ष, कृष्ण जन्माष्टमी कहलाई।
इस रात हुआ दिव्य प्रकाश, उसकी याद जाती दोहराई।
बंधन से मुक्ति मिलती है, करके रात जगाई।
भक्ति से मन भर आता है, कृष्ण अमृत दो बरसाई।

**(i) जन्माष्टमी का पर्व हिंदी कैलेंडर के अनुसार किस महीने में मनाया जाता है?**

(अ) श्रावण (ब) भादो

(स) क्वार (द) आषाढ़

**(ii) कृष्ण के जन्मदाता कौन थे?**

(अ) देवकी और वासुदेव (ब) वासुदेव और यशोदा

(स) नंद और देवकी (द) यशोदा और नंद

**(iii) वासुदेव कृष्ण को गोकुल छोड़ने क्यों गए?**

(अ) वे चाहते थे कि उनके पुत्र को माँ यशोदा पाले।

(ब) उन्हें डर था कि देवकी का भाई कंस उनके बाकी के पुत्रों की तरह कृष्ण को भी मार देता

(स) कृष्ण को जेल में नहीं रखना चाहते थे।

(द) उपरोक्त सभी

**(iv) भादो मास का कृष्णपक्ष, कृष्ण जन्माष्टमी कहलाई। -दिए गए कथन को पढ़कर सबसे सही पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**

**कथन**

(क) भादो मास में कृष्णपक्ष आता है।

(ख) कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष दोनों मास कृष्ण से संबंधित है

(ग) जन्माष्टमी का त्योहार कृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

(घ) कृष्ण का जन्म श्रावण के महीने में हुआ था

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) सही है

(ब) कथन (ख) सही है

(स) कथन (ग) सही है

(द) कथन (घ) सही है

**(v) जमुना नदी में मुसलाधार बारिश से बचाने के लिए किसने छतरी फैला दी थी?**

(अ) नाग ने

(ब) देवताओं ने

(स) शेषनाग ने

(द) गण और यक्षों ने

**3.निर्देशानुसार 'शब्द विचार' पाठ पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4=4**

**(i)** सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| **क.तत्सम** | **1.चाँद** |
| **ख.तद्भव** | **2.खिड़की** |
| **ग.देशज** | **3.मातृ** |
| **घ.विदेशी** | **4.मुकदमा** |

कूट/विकल्प

| | क | ख | ग | घ | | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 2 | 1 | 4 | (ब) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (स) | 3 | 1 | 2 | 4 | (द) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**(ii) योगरूढ़ शब्द का उदाहरण है-**

(अ) पाठशाला (ब) चारपाई

(स) भ्राता (द) गजानन

**(iii) नागालैंड उदाहरण है-**

(अ) तत्सम शब्द का (ब) तद्भव शब्द का

(स) देशज शब्द का (द) संकर शब्द का

**(iv) अविकारी शब्द का भेद नहीं है -**

(अ) विशेषण (ब) क्रियाविशेषण

(स) समुच्चयबोधक (द) विस्मयादिबोधक

**(v) अंग्रेज़ी भाषा का शब्द नहीं है-**

(अ) अपील (ब) कॉलेज

(स) तारीख (द) डॉक्टर

**4.निर्देशानुसार 'समास' पाठ पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **1X4=4**

**(i) अपादान तत्पुरूष का उदाहरण है-**

(अ) स्वरचित (ब) देशभक्ति

(स) रोगमुक्त (द) सर्वप्रिय

**(ii)सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क.त्रिभुज | 1. बहुव्रीहि समास |
| ख.महादेव | 2. द्विगु समास |
| ग.प्रतिदिन | 3. अव्ययीभाव समास |
| घ.रात-दिन | 4. द्वंद्व समास |

कूट/विकल्प

| | क | ख | ग | घ | | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 3 | 1 | 4 | (ब) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 | (द) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**(iii) कर्मधारय समास का उदाहरण है-**

(अ) दीनानाथ (ब) पुरूषोत्तम

(स) भलामानस (द) मनगढ़ंत

**(iv) बहुव्रीहि समास के अनुसार चतुर्भुज शब्द का सही समास विग्रह होगा-**

(अ) चार हैं भुजाएँ (ब) चार भुजाओं का समाहार

(स) चार भुजाओं वाला विष्णु (द) चार हैं भुजाएँ जिसकी अर्थात विष्णु

**(v) किस समास में 'विशेषण-विशेष्य' और 'उपमेय-उपमान' का संबंध होता है?**

(अ) द्विगु समास (ब) तत्पुरूष समास

(स) कर्मधारय समास (द) द्वंद्व समास

**5.निर्देशानुसार 'लिंग' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X4=4**

**(i) पुल्लिंग-स्त्रीलिंग के जोड़े में सही नहीं है-**

(अ) माता-पिता (ब) भाई-भ्राता

(स) भाई-बहन (द) अभिनेता-अभिनेत्री

**(ii) पृथ्वी उदाहरण है-**

(अ) स्त्रीलिंग का (ब) पुल्लिंग का

(स) उभयलिंगी का (द) इनमें से कोई नहीं

**(iii) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क.नित्य स्त्रीलिंग | 1.हिंदी |
| ख.नित्य पुल्लिंग | 2.सोना |
| ग.स्त्रीलिंग | 3.मगरमच्छ |
| घ.पुल्लिंग | 4.मछली |

कूट/विकल्प

| | क | ख | ग | घ | | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 4 | 3 | 1 | 2 | (ब) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 | (द) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**(iv) कवि का स्त्रीलिंग है-**

(अ) कवित्री (ब) कवियित्री

(स) कवयित्री (द) कवयीत्री

**(v) दिए गए उदाहरण में पुल्लिंग का उदाहरण है-**

(अ) गंगा (ब) कावेरी

(स) यमुना (द) ब्रह्पुत्र

**6.निर्देशानुसार 'वचन' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X4=4**

**(i) सदैव एकवचन में प्रयोग होने वाले शब्द हैं-**

(अ) जनता (ब) होश

(स) आँसू (द) प्राण

**(ii) पक्षी का बहुवचन होगा-**

(अ) पक्षियों (ब) पक्षीगण

(स) पक्षीजन (द) पक्षीवृंद

**(iii) सही जोड़ा नहीं है-**

(अ) प्रजा-प्रजाजन (ब) बेटी-बेटियाँ

(स) रीति-रीतियाँ (द) चाँदी-चाँदियों

**(iv) केदारनाथ,बदरीनाथ,शंकराचार्य और गुरूजन में बहुवचन है-**

(अ) केदारनाथ (ब) शंकराचार्य

(स) गुरूजन (द) बदरीनाथ

(v) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क.छात्रों ने यह | 1.महादेवी जी की रचनाएँ हैं |
| ख.यह कार्य | 2.जीवन मिल जाए |
| ग.इस पुस्तक में | 3.हज़ार रुपये से कम का नहीं है |
| घ.शायद मंगल पर | 4.पुस्तक पढ़ ली है |

**कूट/विकल्प**

| | क | ख | ग | घ | | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 4 | 3 | 1 | 2 | (ब) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 | (द) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता कहा है। किंतु माता बनने से पहले यदि हम इन्हें बेटियों के रूप में देख लें तो क्या हर्ज है? और थोड़ा आगे चलिए............इन्हीं में अगर हम प्रेयसी की भावना करें तो कैसे रहेगा? ममता का एक और भी धागा है, जिसे हन इनके साथ जोड़ सकते हैं। बहन का स्थान कितने कवियों ने इन नदियों को दिया है। एक दिन मेरी भी ऐसी भावना हुई थी। थो-लिङ (तिब्बत) की बात है। मन उचट गया था, तबीयत ढीली थी। सतलज के किनारे जाकर बैठ गया। दोपहर का समय था। पैर लटका दिए पानी में। थोड़ी ही देर में उस प्रगतिशील जल ने असर डाला। **1X5=5**

**(i) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?**

(अ) क्योंकि गंगा को माँ कहते हैं
(ब) उन्हें नदियाँ माँ लगती थीं
(स) नदियाँ हमें जीवन देती है
(द) नदी लेखक को पसंद थी।

**(ii) बहन से जुड़ा धागा है-**

(अ) ममता का
(ब) प्रेम का
(स) सहानुभूति का
(द) इनमें से कोई नहीं

**(iii) सतलज के किनारे किस समय लेखक गए थे-**

(अ)सुबह के समय
(ब) भोर की बेला में
(स) दोपहर के समय
(द) शाम के समय

**(iv) प्रेयसी का अर्थ है**

(अ) प्रेमिका (ब) पत्नी

(स) बहन (द) दोस्त

**(v) गद्यांश के अनुसार लेखक तब कहाँ थे जब उनकी तबीयत खराब थी?**

(अ) सतलज के किनारे (ब) बहन के पास

(स) हिमालय पर्वत पर (द) थो-लिङ् (तिब्बत) में

**8.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(i) 'पापा खो गए' पाठ में समाज की किस समस्या के बारे में बताया गया है?**

(अ) बच्चे का अपहरण करने वाले की (ब) बच्चे को सुलाने वाली आया की

(स) बच्चे के साथ खेलने वाले की (द) बच्चे के स्कूल छुड़वाने वाले की

**(ii) यासुकी-चान को हँसाने के लिए तोत्तो-चान ने क्या किया?**

(अ) चुटकुला सुनाया (ब) कहानी सुनाई

(स) स्कूल की मजेदार बात बताई (द) गाल फुलाकर तरह-तरह के चेहरे बनाई

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है नदी चादर-सी,
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा

**(i) शाम-एक किसान कविता के कवि का नाम है-**

(अ) भगवती चरण वर्मा (ब) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(स) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (द) भवानीप्रसाद मिश्र

**(ii) प्राकृतिक दृश्य में शाम पहाड़ पर बैठे हुए एक----------की तरह दिखाई दे रहा है।**

(अ) बालक (ब) मज़दूर

(स) किसान (द) युवक

**(iii) साफ़ा का अर्थ होता है-**

(अ) गमछा (ब) टोपी

(स) कम्बल (द) पगड़ी

**(iv) पलाश के पेड़ों पर खिले लाल-लाल फूल किसके समान दिखाई दे रहा है-**

(अ) चिलम के समान (ब) अँगीठी के समान

(स) गल्ले के समान (द) चादर के समान

**(v) पश्चिम दिशा में चिलम पर सुलगती आग की तरह क्या दिखाई देता है?**

(अ) डूबता सूरज (ब) चमकता सूरज

(स) जलता हुआ सूरज (द) उगता हुआ सूरज

**10.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(i) पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों पसंद थी?**

(अ) बंधन में रहना पसंद (ब) बंधन में दुखी

(स) पहली कठपुतली पसंद थीं (द) पहली कठपुतली उनमें सबसे बड़ी थी।

**(ii) अमीर से निर्धन बने लोगों की तुलना किनके साथ की गई है?**

(अ) आश्विन के बादल (ब) कार्तिक के बादल

(स) श्रावण के बादल (द) आषाढ़ के बादल

**'खंड ब' वर्णनात्मक प्रश्न(40 अंक)**

**पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक**

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छः प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X5=10**

(क) मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे, जिनकी वज़ह से बच्चे-तो-बच्चे बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे?

(ख) पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई?

(ग) लाल ताऊ किस प्रकार बाकी के पात्रों से भिन्न है?

(घ) 'अपूर्व अनुभव' कहानी से हमें क्या संदेश मिलता है?

(ङ) मिठाइयाँ आकार में कैसी थीं और उनका क्या दाम था?

(च) यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया?

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X4=8**

(क) रहीम के दोहे पाठ के आधार पर बताइए कि वृक्ष, सरोवर और सज्जन दूसरों के लिए क्या करते हैं?

(ख) हर तरह की सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

(ग) कठपुतली को अपने पाँवों पर खड़ी होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

(घ) रहीम के दोहे पाठ के आधार पर बताइए कि मनुष्य की तुलना किससे की गई है और क्यों?

(ङ) हम पंछी उन्मुक्त गगन के और कठपुतली कविता में क्या समानता है?

**13.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) व्यास जी ने महाभारत की कथा सबसे पहले किसे कंठस्थ कराई थी और मानव जाति में महाभारत की कथा का प्रसार किसके द्वारा हुआ?

(ख) पांडु के कितने पुत्र थे और उनका पालन-पोषण किनके द्वारा और कहाँ हुआ?

(ग) कौरव पांडवों से क्यों जलते थे?

**14.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- 6X1=6**

**(क) पुस्तकालय**

संकेत बिंदु

*पुस्तकालय का अर्थ *पुस्तकों से जीवन में होने वाला लाभ

*पुस्तकालय के प्रति हमारा दायित्व

(ख) सच्चा मित्र

संकेत बिंदु

*जीवन में मित्र का महत्त्व *मित्र के गुण*मित्र की पहचान *मित्र ही सच्चा मार्गदर्शक

(ग) मेरा प्रिय खेल

संकेत बिंदु

*विभिन्न प्रकार के खेल *खेल मनोरंजन का साधन *अपनी दिनचर्या में खेल के लिए समय *खेल से होने वाले लाभ

15. आपके विद्यालय में साफ़ पानी और टंकी की व्यवस्था की गई है। अत: विद्यालय के प्राचार्य को धन्यवाद देते हुए एक पत्र लिखिए। 5X1=5

अथवा

आप विनीत हैं। आप अपने दोस्त अमित को पत्र लिखकर मोबाइल और ऑनलाइन गेम को छोड़कर ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ने की आदत विकसित करने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए।

16. परीक्षा देकर विद्यालय से बाहर जाकर दो मित्रों में गणित प्रश्न-पत्र को लेकर हुई बातचीत लिखिए।

5X1=5

अथवा

'पापा खो गए' पाठ के आधार पर चाँद और सूरज के बीच एक संवाद लिखिए।

--0--